बर्षः- 05
अंकः- 319
मुरादाबाद
(Sunday)
15 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रधानमंत्री TMC पर बरसेः कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार, कहा- बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

पीएम मोदी आज कोलकाता के दौरे पर हैं। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा- हमारा संकल्प है कि बंगाल ने हमेशा जिस तरह भारत को दिशा दिखाई है, बंगाल एक बार फिर विकसित बंगाल बनकर उस गौरव को हासिल करे।प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि




आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार- प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार !निर्मम सरकार बौखला गई है- पीएम मोदी

सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा- कल टीएम ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो।प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी। %कटमनी मिलने से टीएमसी सरकार रोक देती है सरकारी योजनाएं%- उन्होंने कहा, टएक समय बंगाल पूरे भारत को गति देता था, बंगाल व्यापार और उद्योगों में सबसे आगे था। लेकिन आज यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है। आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब टीएमसी... ये लोग एक के बाद एक आते रहे... अपनी जेबें भरते रहे... और बंगाल में विकास के काम ठप्प पड़े रहे। टीएमसी सरकार का एक ही एजेंडा है। ये टीएमसी वाले न खुद काम करेंगे, न करने देंगे। जब तक इनको अपना कटमनी नहीं मिल जाता, ये किसी भी योजना को गांव, गरीब तक नहीं पहुंचने देते। इसलिए टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को रोककर रखती है।% %बंगाल के परिवारों को तमाम योजना से भी टीएमसी ने वंचित रखा%- पीएम मोदी ने आगे बताया कि देशवासियों को मुफ्त बिजली देने के लिए हमने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। केंद्र की भाजपा सरकार इसके लिए हर लाभार्थी को 75 से 80 हजार रुपये देती है। जो लाभार्थी इस योजना से जुड़ता है, उसके घर का बिजली बिल जीरो हो जाता है। लेकिन, बंगाल सरकार इसे भी लागू नहीं होने दे रही। ये टीएमसी सरकार अपनी स्वार्थी राजनीति की वजह से यहां आयुष्मान भारत योजना को भी लागू नहीं कर रही है। देश भर के करोड़ों लोग इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठा रहे हैं। ये लाभ आप सबको भी मिलना चाहिए। लेकिन बंगाल के परिवारों को इस योजना के अधिकार से भी टीएमसी सरकार ने वंचित रखा है। %बंगाल के किसान की हालत भी किसी से छिपी नहीं%- पीएम ने कहा- आज बंगाल के किसान की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। किसानों से झूठे वायदे और सरकारी खरीद में घोटाला ही टीएमसी की पहचान बन गया है। टीएमसी के कट, कमीशन और करप्शन के कारण, राजनीति के लिए...किसानों की जिंदगी से, गरीबों और मध्यम वर्ग की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- टीएमसी जाएगी, गरीबों का पक्का घर बनना शुरू हो जाएगा। टीएमसी जाएगी, तो हर घर साफ जल पहुंचेगा। टीएमसी जाएगी, तो हर गरीब को मुफ्त इलाज मिलेगा। टीएमसी जाएगी, तो कारीगरों को नए अवसर मिलेंगे। टीएमसी जाएगी, तभी बंगाल में सुशासन आएगा। पूर्वी भारत के विकास का लिखा जा रहा नया अध्याय%- प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कहा, %आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सड़क, रेलवे और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, इनसे जुड़ी 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई रफ्तार देंगे। इनसे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, लाखों लोगों का जीवन आसान होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज देश में रेलवे को आधुनिक बनाने का तेज अभियान चल रहा है। हमारा यह संकल्प है कि पश्चिम बंगाल इस अभियान में पीछे न रहे इसलिए केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज विस्तार करने का प्रयास कर रही है... आज 6 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के रूप में पुनर्विकास भी हुआ है।% बता दें कि, पीएम मोदी ने आज पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई व अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम बंगाल के छह पुनर्निर्मित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी किया।इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में स्वागत किया गया। जहां उन्होंने लगभग 18,680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।दशकों तक पूर्वी भारत के इस सामर्थ्य की बड़ी उपेक्षा हुई%- पीएम मोदी ने इस दौरान कहा- सड़क और रेल कनेक्टिविटी जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही अहम भूमिका पोर्ट और वॉटर ट्रांसपोर्ट भी निभाते हैं। दशकों तक पूर्वी भारत के इस सामर्थ्य की बड़ी उपेक्षा हुई है। लेकिन आज वॉटर वेज, व्यापार और औद्योगिक प्रगति के नए दरवाजे खोल रहे हैं। इसी दिशा में आज पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी अहम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। %हमारा संकल्प है कि बंगाल अपना गौरव हासिल करे%- उन्होंने आगे कहा कोलकाता और हल्दिया जैसे बंदरगाह लंबे समय से पूर्वी भारत में व्यापार के प्रमुख केंद्र रहे हैं। हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स का मशीनीकरण हो रहा है। इससे कार्गो ऑपरेशन और तेज होगा, बंदरगाह की क्षमता बढ़ेगी और व्यापार के लिए नई सुविधा मिलेगी। हमारा संकल्प है कि बंगाल ने हमेशा जिस तरह भारत को दिशा दिखाई है, बंगाल एक बार फिर विकसित बंगाल बनकर उस गौरव को हासिल करे। मुझे पूरा विश्वास है कि मजबूत कनेक्टिविटी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित बंगाल की बुनियाद बनेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### हम युद्ध नहीं चाहते, वैश्विक नेताओं की जिम्मेवारी वे जंग रुकवाएं, बोले भारत में ईरान के प्रतिनिधि

भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष के लिए दूसरे पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत के माध्यम से समाधान चाहता था। पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध नहीं चाहता था। इलाही ने आरोप लगाया कि जब वे बातचीत की मेज पर थे, तब उन पर हमला किया गया और इसी से इस युद्ध की शुरुआत हुई। एएनआई के साथ बातचीत में डॉ. इलाही ने कहा कि ये वैश्विक समस्याएं और संघर्ष ईरान की वजह से नहीं हैं, बल्कि दूसरे पक्ष द्वारा पैदा किए गए हैं। जोर दिया कि ईरान दूसरे लोगों की पीड़ा, गैस, पेट्रोल या तेल की कमी से खुश नहीं है। हालांकि, उन्होंने अपनी रक्षा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इलाही ने दुनिया के नेताओं से अपील की कि यह उनका कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका पर दबाव डालें। उन्होंने आग्रह किया कि वैश्विक नेता अमेरिका से कहें कि इस युद्ध को रोका जाए, क्योंकि लोग पीड़ित हैं।युद्ध की शुरुआत पर ईरान का रुख- डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने मौजूदा संघर्ष के लिए दूसरे पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत के माध्यम से समाधान चाहता था।

## किसानों के मुद्दे पर लड़ती रहेगी कांग्रेस US ट्रेड डील का जिक्र कर राहुल ने सरकार को घेरा

केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने एक बार फिर फेसबुक पोस्ट लिखकर किसानों से जुड़ा मुद्दा उठाया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) से जुड़ा सवाल पूछा, लेकिन सरकार ने जवाब देने से बचने का रास्ता चुना और संसद के पटल पर पुरानी नीतियों को दोहराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हक में संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाते रहेगी।स्वामीनाथन समिति के सुझावों पर जोर- राहुल ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, %लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा- 2021 में किसानों से किया गया छ्र2 + 50त्न कानूनी रूस्क्क का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी रूस्क्क नीति दोहरा दी।% राहुल जिस सी2 प्लस 50 फीसदी फॉर्मूले का जिक्र कर रहे हैं, इसे आम तौर पर स्वामीनाथन समिति के सुझावों की तरह भी देखा जाता है। इसके तहत सरकार को ये सुझाव दिया गया है कि खेती की कुल लागत (सी2) में 50 फीसदी मुनाफे को जोड़ने के बाद ही फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का निर्धारण किया जाना चाहिए। अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भी टिप्पणी- अपने पोस्ट के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार से संसद में मिले जवाब की प्रति भी साझा की है। विपक्ष के नेता ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए अपने फेसबुक पोस्ट में आगे लिखा, सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भी टिप्पणी की। सवाल से भी बच रही है सरकार- राहुल ने लिखा, एक और गंभीर सवाल- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से जुड़ा है। उन्होंने ट्रेड डील के हिस्से में गैर-व्यापारिक अवरोध (non-trade barriers) को घटाए जाने की बात पर हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? बकौल राहुल गांधी, %सरकार इस सवाल से भी बच रही है।% सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती !- केंद्र सरकार की नीतियों के साथ-साथ नीयत पर सवाल खड़े करते हुए राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट के अंतिम हिस्से में लिखा, मोदी सरकार किसानों से किया वादा तो निभाना नहीं चाहती, अपने स्वार्थ के लिए वो भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है। हम किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज़ उठाते रहेंगे।



## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का विपक्ष पर बड़ा हमला, बोले- 'बाजा बजा देंगे अफवाह फैलाने वालों का'

पुलिस लाइन हेलीपैड और सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए केशव प्रसाद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को संगम नगरी आगमन पर विपक्ष के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया। पुलिस लाइन हेलीपैड और सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत के बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया।गैस सिलिंडर की आपूर्ति को लेकर देश में फैल रही खबरों पर डिप्टी सीएम ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'अफवाह गांधी और 'अफवाह यादव' विपक्ष के ये नेता केवल दुष्प्रचार कर रहे हैं, ताकि जनता में भ्रम और डर पैदा हो। वैश्विक संकट की इस घड़ी में उन्हें देश के साथ खड़ा होना चाहिए था, लेकिन वे अपनी राजनीति चमका रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, आने वाले समय में अफवाह फैलाने वाले इन दोनों नेताओं का हम बाजा बजा देंगे।आंकड़ों से दिया जवाब- 55 लाख की जगह 75 लाख बुकिंग- गैस की किल्लत के दावों को नकारते हुए उन्होंने आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि पहले जहां प्रतिदिन 55 लाख सिलिंडर बुक होते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 75 लाख तक पहुंच गई है। सरकार हर नागरिक तक सिलिंडर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी की सफल विदेश नीति- ईरान से आ रहा है कच्चा तेल ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच जारी तनाव और खाड़ी देशों के युद्ध संकट पर डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा वैश्विक संकट के बावजूद पीएम मोदी की सशक्त विदेश नीति के कारण ईरान से भारत में क्रूड ऑयल और गैस सफलतापूर्वक आ रही है। दुनिया देख रही है कि संकट के समय में भी भारत का झंडा बुलंद है



## रवि किशन का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार, बोले- हार के डर से अब याद आ रहे कांशीराम

संगम नगरी में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करने पहुंचे भोजपुरी सुपरस्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। कहा कि 65 वर्षों तक कांग्रेस को दलित महापुरुषों की याद नहीं आई।भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे भोजपुरी सुपरस्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की राहुल गांधी की मांग पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक दलित महापुरुषों की याद नहीं आई, लेकिन अब वजूद खत्म होता देख उन्हें नए नाम याद आ रहे हैं।रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद देश को जो विराट स्वरूप दिया है, उसी का नतीजा है कि आज विपक्ष उन नामों को आगे ला रहा है जिन्हें उन्होंने दशकों तक नजरअंदाज किया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि हमें खुशी है कि मोदी जी ने कांग्रेस को ऐसा सोचने पर मजबूर कर दिया है। देश में एलपीजी गैस की किल्लत की खबरों को सांसद ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि विपक्ष एलपीजी को लेकर झूठी अफवाहें फैला रहा है। उपभोक्ताओं को पैनिक होने की जरूरत नहीं है, बुकिंग पर सिलिंडर मिल रहा है। पीएम मोदी ने उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। गैस की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर गोरखपुर सांसद रविकिशन का जोरदार स्वागत किया गया।



## संपादकीय Editorial

### The Drama of Parliament's Discussion

The second phase of Parliament's Budget Session began on Monday, March 9, but was marred by uproar, sloganeering, and poster-throwing. A bizarre political drama unfolded. The opposition had tabled a no-confidence motion against Lok Sabha Speaker Om Birla, which was placed on the agenda. This meant the motion would be discussed and then put to a vote. Legally, the opposition should have initiated the discussion on the no-confidence motion, but instead made a new demand for an alternative discussion on the Iran war and the situation affected by it. Foreign Minister S. Jaishankar had to read his statement amid the noise. Meanwhile, notices were also given in the Rajya Sabha under Rule 267 for a discussion on the Iran war. The no-confidence motion was against the Speaker, so the opposition's new demand was rejected. The presiding officer, along with Parliamentary Affairs Minister Rijiju, urged a discussion on the Speaker's issue. Consequently, the uproar continued. Ultimately, the Lok Sabha proceedings had to be adjourned until the next day. The question is: why was the Iran war not discussed in the Rajya Sabha, despite the contradictory situation in the Lok Sabha? During the prime ministers' tenures of VP Singh and Atal Bihari Vajpayee, our Parliament discussed such wars and attacks and condemned the aggressor nation. Therefore, such discussions have been a parliamentary tradition. By and large, no important topic like a no-confidence motion was on the agenda in the Rajya Sabha. India is not untouched by the devastation unfolding in Iran and other Gulf Arab countries. In fact, India is being affected, no matter what government sources claim. Crude oil prices soared to $118 per barrel. Thankfully, they eventually fell to $96.88. The media even reported this price as $102. If crude oil prices reach $120, global inflation will increase by 0.4%. On Tuesday afternoon, March 10th, crude oil prices fell to $90. Given the potential, if oil prices reach a peak of $200 per barrel, global average GDP could decline by 2%. If the Iran war continues for another 15 days, oil prices are almost certain to rise to $150. In response to Iran's continued attacks, Gulf countries like Saudi Arabia, the United Arab Emirates, Bahrain, Qatar, and Kuwait have reduced or even halted oil and gas production, as refineries, oil depots, and facilities are burning. Consequently, a massive global oil and gas crisis is looming. No country should be under any illusions. Estimates are emerging about the United States, comparable to the Great Depression of 1929. In just 10 days of the war, the US has had to spend approximately $6 billion. This is a situation beyond its budget. In India, the export of 400,000 tons of basmati rice has been blocked. Electronics goods worth approximately ?41,000 crore are stranded. Medicines worth approximately ?5,000 crore have been halted. Sugar, tea, meat, fruits, and dairy products worth crores of rupees are stranded due to the war. It is estimated that Indian exports worth approximately ?1 lakh crore have been affected, and this will obviously impact our economy as well. Shouldn't such a topic be discussed in Parliament? MP Shashi Tharoor rightly says that Parliament is the highest forum of our democracy and should be debated there. Parliament is not a 'notice board' where a minister makes a statement and the issue is settled. India's trade with Gulf countries is worth $200 billion. If the war has no impact on India, why have hotels in Bengaluru announced closures? Why has the Restaurant Association in the capital, Delhi, also warned of closing hotels and restaurants if adequate supplies of commercial gas are not provided?

# Give a Weary Mind a Little Rest: A Life Full of Smiles, Not Stress

Life's paths aren't always difficult. They also have easy and bright spots. One should look for those bright spots and share them with others, so that a weary mind can find some rest. Human life is precious, yet people often fill it with unnecessary worry, tension, and seriousness. Many people are constantly immersed in some kind of anxiety. Their faces reflect fatigue, their minds fear, and their hearts dissatisfied, as if life is nothing but struggle and burden. The truth is that life isn't just about duties and problems, but also about joy, hope, and balance. Nowadays, most people are so engrossed in their work, responsibilities, and worries about the future that they can't experience the joy of the present. Taking every little thing seriously, making every outcome a matter of life and death, and being constantly busy exhausts a person from within. When the mind is constantly stressed, the joys of life gradually fade away. In reality, true wisdom lies in living life with ease. This doesn't mean that one should shy away from one's duties or give up effort, but rather that one should maintain balance with one's efforts. If one maintains a little patience, humor, and positivity in every situation, life can become much simpler and more enjoyable. A simple way to relieve stress is to value small moments of joy in one's life. Observing the beauty of nature, spending time with family and friends, listening to music, or reading a positive thought lightens the mind. When the mind is light, problems don't seem as burdensome. Happiness doesn't lie only in great achievements; it also lies in small things. Helping someone, making someone smile, or encouraging a tired person makes life meaningful. When a person brings hope and enthusiasm to others, one's own life also becomes brighter. Ella Wheeler Wilcox said that the world is already full of sorrow, so don't add to it with your own. Life's paths aren't always difficult. There are always simple and bright spots within. Humans should see those bright sides and share them with others, so that weary minds can find some rest. The purpose of life is not to worry, but to move forward with hope. When a person cultivates positive thoughts, their mind becomes calm, and stress gradually diminishes. Therefore, it's important not to view life as a burden, but to embrace it as an opportunity and strive to find a little joy, a little hope, and a little light in each day. - Translated excerpt from The Joy of Living Spread the Light of Peace - Human life is not only about worry and stress, but also about joy and hope. If we maintain positivity in every situation and value small pleasures, life can become simple and enjoyable. We should spread the light of hope, enthusiasm and peace in the lives of others through our behavior and words.

# The Iran Conflict and the Morality Debate: Is a New Dawn Possibly Coming in Tehran?



A president who dictates things according to his ego, who cares little for decorum, has launched a just war for democratic values. But this idea will not receive the support it deserves. This does not diminish the significance of what this president has done for Tehran's freedom. Just war is an idea that sometimes puts morality at risk. Pacifists see it as a legitimization of external violence by the worst tendencies of power, and cloaking it in morality could be akin to institutionalizing a reversal of idealism. Its proponents believe that it is a necessary act of justice, and the terms of invasion are determined by conscience. Neoconservatives, whom Donald Trump has never paid attention to, were the ones who supported it. They declared every missile that fell on Iraq at the beginning of this century as moral. In their view, the war against Iraq was just. This was not only because the objective was to destroy the alleged destructive weapons hidden within Saddam Hussein's regime (which were never found), but for them, it was a war against 'evil.' And 'evil' was not an abstract concept in neoconservative terms. For the idealistic groups active during the George W. Bush era, the Ba'athist dictator of Baghdad was himself the epitome of evil. Therefore, they had ample reason to remove him. But how did a war that was labeled 'just' ultimately turn into a profound moral catastrophe on the soil of Mesopotamia (Iraq)? This question still troubles even the most idealistic conservatives. Indeed, the morality of any 'just war' appears very clear at the beginning, but very few warrior rulers have been able to maintain that same moral energy and clarity until the end of the war. So, the question arises: is there a 'just war' currently underway in Iran as well? This war was not necessitated by Iran's nuclear maneuver. Trump himself has admitted that the bunker busters have already allayed this concern for the US and Israel. It wasn't as if negotiations weren't underway between the US and Iran. Negotiations were ongoing until the day before the war, and the door to further talks hadn't been closed. Nevertheless, this war was launched with a greater purpose, though liberal commentators wouldn't use the term "greater purpose" for Trump. It was a legitimate reason: to end the tyranny of the religious regime, whose tentacles stretched across the region. Ayatollah Khamenei, himself a propagator of holy wars, made another just war inevitable. Indeed, the Imamate (leadership) in Iran, born from the sacred texts of opposition to the monarchy, succeeded in its nefarious designs. Iran had become a symbol of a decadent culture. Every war in Iran was a kind of cultural war against the West and its values. This was the path, predetermined and chosen by the Supreme Leader. It often happens in the history of revolutions that they begin with a promise that connects with the people's restlessness and desire for quick change. In the last days of the Shah's rule, Ayatollah Ruhollah Khomeini promised freedom based on faith, not divine tyranny. This was not wrong in a religious-minded democracy. This continued for centuries in the West. Once the revolutionary preacher became the patron saint of the Islamic Republic, the terms of the conversation changed. Like ideological revolutions, revolutions in the name of religion or faith, in their haste to suppress the will of the people and maintain the leader's dominance, resorted to creating hell on earth. By cloaking a country like Iran, rich in civilization and free-thinking, in the indoctrination of bookish savagery, the Islamic Revolution placed more importance on the cult of the Imams than on appeasing God. The religious-fascist country was not content with filling West Asia's largest Gulag (infamous prison system) with dissidents. In Iran alone, over 6,000 Iranians were killed in recent protests. Whenever there was resistance, Moscow supplied tanks. For the Islamic Republic, expansionism meant constant proxy wars, from Gaza to Yemen, Syria to Lebanon. Its efforts to bring revolution to its surrounding countries were being met with brutality against a society that had once been pluralistic and devoid of any trace of anti-Semitism. Ayatollah Khamenei, the successor to the founding Imam, had to transform this revolutionary apparatus into a killing machine that, while ensuring obedience at home, also championed the destruction of the Jewish state abroad. The axis of resistance was about maximizing a tired revolution by spreading martyrdom and destruction throughout West Asia. Some supporters of Iran would argue that this was not the job of an American president, especially one who believed that interfering abroad could not make America great again. Therefore, it was not his responsibility to instill liberal values ??and morality in closed and rigid societies. Trump's image is tarnished. This hinders independent analysis of his dealings with the world. A president who typically dictates things based on his ego and has no regard for democratic norms would go to war for liberal democracy, an idea that will not receive the support it deserves. In fact, Trump, who has a bad reputation, is fighting for the freedom of both Iran and Israel. They have gone to war. Trump refused to follow the familiar path. He took to the streets of Tehran, and this time, his instincts were correct. War may not liberate a disgraced warrior at home, but it will liberate a nation from the sins of revolution and from the stranglehold of a cleric who chose to architect the last reign of omnipotence. The war has already accomplished a large part of its mission. The Iranians will have to do the rest: rise from the rubble and reclaim the country that was taken from them 47 years ago for an idea they initially admired. Ultimately, history will clear the path, setting the stage for a revolution unhindered by God or man. Iran is almost there, thanks to a just war.

# मुरादाबाद में पांच रुपये का एक उपला, लकड़ी की कीमतों में वृद्धि, पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलगा ईंधन

युद्ध का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखने लगा है। एलपीजी और कामर्शियल सिलिंडर की किल्लत के कारण होटल, रेस्टोरेंट और छोटे ढाबों ने कोयला, लकड़ी और उपलों का इस्तेमाल बढ़ा दिया है। इससे इन ईंधनों के दाम तेजी से बढ़ गए वाला उपला अब पांच से छह रुपये तक बिक की आग अब ईंधन तक पहुंच गई है। कोयला के रेट भी बढ़ गए हैं। अब एक उपला भी पांच लकड़ी के दाम दस रुपये से बढ़कर 13 तेरह तीनों किस्म के कोयले के दामों में भी इजाफा एलपीजी की किल्लत के बीच होटल और रेस्टोरेंट घरों में सुलगने वाले देसी चूल्हे हैं। कामर्शियल से शहर के होटल और रेस्टोरेंट में कोयले की दुकानदार लकड़ी और उपलों का भी प्रयोग कीमतों में तेजी के साथ वृद्धि हुई है। पिछले का एक मिल रहा था जबकि अब रेट बढ़कर जगहों पर तो छह रुपये तक में मिल रहा है। वह छोटे दुकानदार कर रहे हैं जो सड़क किनारे बेचते हैं। हाईवे किनारे के ढाबों ने भी अब गैस कोयला जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया लगाने वाले राहुल कश्यप ने बताया कि अब लिहाजा अंगीठी पर उपला या लकड़ी जलाकर



हैं। पहले तीन रुपये में मिलने रहा है। पश्चिम एशिया युद्ध और लकड़ी के साथ ही उपले रुपये का हो गया है। जबकि किलो तक पहुंच गए हैं।वहीं हुआ है। वृद्धि की बड़ी वजह में जलने वाली भट्ठियां और सिलिंडर की सप्लाई बंद होने भट्टियां धधकने लगीं हैं।छोटे करने लगे हैं। इससे ईंधन की सप्ताह तक उपला तीन रुपये पांच रुपये हो गया है। कुछ उपलों की खरीद सबसे ज्यादा ठेले या छोटे ढाबों पर चाय की जगह चूल्हों में लकड़ी और है। आलू की पकौड़ी का ठेला सिलिंडर मिल ही नहीं रहा है। काम चलाया जा रहा है। अब तो उपला भी पांच रुपये का एक मिल रहा है। जबकि लकड़ी का भाव भी 10 रुपये किलो से बढ़कर 13 रुपये किलो तक पहुंच गया है। ठेला लगाने वाले समर अली का कहना है कि उनका कॉमर्शियल सिलिंडर कल दोपहर को खत्म हो गया था। एक दिन काम बंद रखा। एक लोहे का चूल्हा खरीदा है जिसमें लकड़ी और उपला जलाकर चाय बना रहे हैं। दुकानदार राम सिंह ने बताया कि उपले आसानी से मिल भी नहीं रहे हैं। हम तो गांव से लेकर आए हैं। पाकबड़ा के सद्दाम ने बताया कि बड़े होटल वाले कोयला ला सकते हैं लेकिन छोटे दुकानदारों को तो उपले और लकड़ी से ही काम चलाना पड़ रहा है।ईंधन का प्रकार कीमत उपला 5 रुपये प्रति उपला लकड़ी 13 रुपये प्रति किलो कोयला (लकड़ी वाला) 35 रुपये प्रति किलो नेट कोक 40 रुपये प्रति किलो हार्डकोक18 रुपये प्रति किलो

# प्रेमजाल में फंसाया, अश्लील वीडियो बनाया, 50 लोगों से वसूले 10 लाख से ज्यादा, गिरोह में पति-पत्नी भी

पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह वीडियो से ब्लैकमेल करता था। 50 से अधिक पीड़ितों से 10 लाख रुपये वसूले।यूपी के मुरादाबाद जिले के मुगलपुरा थाना पुलिस ने एक हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश किया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने इस गिरोह में शामिल चार महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें पति-पत्नी भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह की महिलाएं फोन के जरिए लोगों से दोस्ती करती थीं और उन्हें मिलने के बहाने अपने घर बुलाकर वीडियो बना लेती थीं। यह गिरोह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर उनसे वसूली करता था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि 50 से ज्यादा लोग इस गिरोह का शिकार हो चुके हैं और दस लाख से ज्यादा की वसूली की गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मुगलपुरा क्षेत्र निवासी कबाड़ का काम करने वाले युवक ने 25 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि एक महिला ने कॉल कर उसे ताजपुर में मिलने के लिए बुलाया था। वहां पहुंचने पर पहले से मौजूद महिला और उसके साथियों ने उसे बंधक बनाकर निर्वस्त्र कर दिया और वीडियो बनाकर उससे 85 हजार रुपये वसूल लिए। तीन लाख की मांग और की जा रही है। बृहस्पतिवार को मुगलपुरा थाना पुलिस ने कटघर के ताजपुर निवासी रिहाना, शगुफ्ता, चांदबी, भोजपुर के धर्मपुरा निवासी इलमा और उसके पति सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि कई लोगों के निर्वस्त्र वीडियो और फोटो इनके मोबाइल में मिले हैं। आरोपियों ने कबूला है कि वह अपने सात अन्य साथियों के साथ मिलकर अब तक 50 से ज्यादा लोगों को शिकार बना चुके हैं। शाम को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। अन्य की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इस तरह जाल में फंसाया था युवक को- एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि करीब एक साल पहले पीड़ित युवक भोजपुर के रसूलपुर में रहने वाले धर्मपुरा निवासी सुलेमान की दुकान पर लोहे का सामान बेचने गया था। इस दौरान सुलेमान ने उसके मोबाइल से एक नंबर पर कॉल की थी। अगले दिन उसी नंबर से युवक के पास कॉल आने लगी। युवक ने कॉल रिसीव की तो सामने वाली युवती ने अपना परिचय कटघर के ताजपुर माफी निवासी शगुफ्ता के रूप में दिया। एक माह तक दोनों के बीच बातचीत हुई। युवती ने युवक को ताजपुर में रिहाना नाम की महिला के घर बुला लिया। युवक और शगुफ्ता अकेले में बातचीत कर रहे थे कि इसी दौरान रिहाना मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। युवक ने विरोध किया तो वहां इलमा, इकरा, उबैद, सुलेमान, इमरान नानू, चांद बी और सैयद आ गए। सभी ने युवक को बंधक बना लिया और निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बना लिया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। 18 अक्तूबर 2025 को शगुफ्ता के जीजा इमरान, सुलेमान, अनीस और पप्पी चौधरी ने युवक से एक लाख रुपये की मांग की। बदनामी के डर में युवक ने 85 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद भी आरोपी रकम मांग रहे थे। सुलेमान उपलब्ध कराता मोबाइल नंबर, शगुफ्ता और रिहाना फंसाती थीं शिकार- रिश्तेदारों ने ही मिलकर हनीट्रैप गिरोह बना लिया। जिसमें पति पत्नी, मां,बहन बहनोई सभी शामिल हो गए। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह की सरगना शगुफ्ता और उसकी बहन रिहाना हैं लेकिन अन्य सभी सदस्यों की अलग अलग जिम्मेदारी तय की गई थी। कोई फोन नंबर हासिल करता था तो कोई बातचीत कर शिकार बनाता था जबकि कुछ लोगों को रुपये वसूली पर रखा गया था। शहर से सटे ताजपुर माफी गांव में हनी ट्रैप का यह गिरोह संचालित हो रहा था। इस गिरोह की सरगना शगुफ्ता और उसकी बहन रिहाना इसी गांव में रहती हैं जबकि इनका मायका भी इसी गांव का बताया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि सुलेमान की कबाड़ खरीदने की दुकान है। उसकी दुकान पर लोगों का आना जाना रहा है। वह किसी तरह लोगों का नंबर हासिल कर लेता और उसके बाद अपनी रिश्तेदार शगुफ्ता और रिहाना को नंबर उपलब्ध कराता। यह दोनों ही युवकों से बात करती हैं और कुछ दिन बात करने के बाद मिलने के बहाने ताजपुर माफी में बुलाती हैं। इसके बाद वहां खुद ही उसके साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लेती हैं। शगुफ्ता और रिहाना अपने गिरोह के अन्य सदस्यों को पहले ही अलर्ट करते हैं कि आज शिकार फंस गया और मिलने जाएगा। वह पहले ही घर में छिप जाते हैं। इसके बाद लोगों को रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर इनके साथ ठगी करते हैं। सुलेमान, उसकी पत्नी इलमा और शगुफ्ता, मां चांद बी, शगुफ्ता के जीजा इमरान, अनीस और पप्पी चौधरी भी शमिल हैं। हनी ट्रैप गिरोह के निशाने पर थे शहर के कई रईसजादे- शहर में सक्रिय इस हनी ट्रैप गिरोह ने अपनी रणनीति में बदलाव शुरू कर दिया था। गिरोह अब तक मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों को अपना शिकार बनाता आ रहा था लेकिन अब उनके निशाने पर शहर के व्यापारी और कारोबारियों के बेटे आ गए थे। गिरोह का उद्देश्य था कि इन रईसजादों को फंसाकर उनसे मोटी रकम वसूली जाएगी। गिरोह के सदस्य पहले छोटे स्तर पर लोगों को निशाना बनाते थे। कारखानों और फर्मों में काम करने वाले लोग उनके आसान शिकार बनते थे। किसी से दस हजार, किसी से बीस हजार तो किसी से पचास हजार रुपये की ठगी की जा चुकी थी। इन्हें फंसाने के बाद गिरोह के सदस्यों ने बड़े सपने देखने शुरू कर दिए थे। वह अब रईसजादों को अपने जाल में फंसाना चाहते थे। इस नई योजना के तहत गिरोह के सदस्य सुलेमान और उसके अन्य साथी सक्रिय हो गए थे। उन्होंने शहर के व्यापारी और कारोबारियों के बेटों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। विशेष रूप से उनके मोबाइल नंबरों को एकत्र किया जा रहा था। यह जानकारी गिरोह की महिला सदस्यों, शगुफ्ता और रिहाना को दी जाती। यह नंबर गिरोह की दो महिला शगुफ्ता और रिहाना को सौंपे जाते। इन महिलाओं का काम इन रईसजादों से संपर्क स्थापित करना और उन्हें अपने प्रेम जाल में फंसाना था। इसके बाद गिरोह उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर देता। वह धमकी देकर या बदनामी का डर दिखाकर उससे पैसे ऐंठने की योजना बना चुके थे। लेकिन उससे पहले गिरोह का पर्दाफाश हो गया।

# मुरादाबाद में गैस एजेंसी का गोदाम सील, सर्वर डाउन से गैस बुकिंग में परेशानी, लग रही लाइन

उपभोक्ताओं से ज्यादा रुपये वसूलने समेत अन्य आरोपी में ठाकुरद्वारा की एक गैस एजेंसी के गोदाम को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रशासन लगातार जांच कर रहा है। उधर सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है।ठाकुरद्वारा की आरोप में घिर गई है। आपूर्ति विभाग की टीम ने सील कर दिया है। डीएसओ ने बताया कि सिलिंडरों दाम में सिलिंडर बेचने की शिकायत कुछ लोगों ने लगाए थे। डीएम के निर्देश पर डीएसओ अजय अनिल कुमार, अमित कुमार को जांच के लिए वहां मौजूद कर्मचारी आपूर्ति विभाग की टीम के एजेंसी के फरीदनगर रोड स्थित गोदाम पर जाकर किलोग्राम के सिलिंडर स्टॉक के मुकाबले कम सील कर दिया गया। सर्वर डाउन होने से गैस लोगों को परेशानियों का सामना पड़ रहा है। उनका नही हो सकी है। इसके अलावा केवाईसी नहीं होने



भावना गैस एजेंसी सिलिंडर के अधिक दाम वसूलने के फरीदनगर रोड पर स्थित इस गैस एजेंसी के गोदाम को के स्टॉक की जांच की जा रही है।इस एजेंसी द्वारा अधिक डीएम से की थी। समय से सिलिंडर न देने के आरोप भी प्रताप सिंह ने ठाकुरद्वारा के पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह, भेजा।रात में वह खुद भी वहां पहुंच गए। पता चला है कि सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद भी कर्मचारियों से पूछताछ की गई। इस दौरान पांच पाए गए। इसके बाद डीएसओ के निर्देश पर गैस गोदाम बुकिंग में आ रही परेशानी- घरेलू गैस बुकिंग करने में कहना है कि कंपनी का सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग के कारण लोगों की बुकिंग प्रभावित रही। जिले में घरेलू गैस सिलिंडर के 778111 उपभोक्ता मौजूद हैं। इनमें 30 प्रतिशत लोगों ने केवाईसी नहीं कराई है। केवाईसी नहीं कराने वालों की बुकिंग नहीं हो सकी। शुक्रवार को इंडेन गैस के उपभोक्ताओं का कहना था कि कंपनी का सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग नहीं हो रही है। इस बारे में जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि सर्वर डाउन होने की शिकायत कुछ लोगों ने की है। शहर में 50 हजार उपभोक्ताओं को एजेंसी पाइप लाइन से गैस उपलब्ध करा रही है। फिर भी कुछ उपभोक्ता गैस सिलिंडर की बुकिंग करा रहे हैं। ऐसे लोगों को बुकिंग नहीं कराना चाहिए। एक सिलिंडर लेने के बाद लोग दूसरे सिलिंडर के लिए बुकिंग कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को संयम बरतना होगा। घरेलू गैस सिलिंडर की कोई कमी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायतकर्ता के बयान बाकी

मुरादाबाद । सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में शासन स्तर पर चल रही जांच में अभी शिकायतकर्ता के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि पाकबड़ा स्थित आयुष्मान अस्पताल के संचालक लक्ष्मण सिंह ने बीते माह दो फरवरी को शासन में सीएमओ और डिप्टी सीएमओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शासन के निर्देश पर इस शिकायत की जांच एडी हेल्थ स्तर से कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में लक्ष्मण सिंह को सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर नहीं पहुंचे। इसके बाद उन्हें दोबारा पत्र जारी कर गुरुवार को जांच टीम के समक्ष उपस्थित होकर बयान देने के लिए कहा गया था। लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वह अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए बयान के लिए नहीं आ सकेंगे। इस कारण गुरुवार को भी उनके बयान दर्ज नहीं हो सके। डॉ. आशु अग्रवाल के अनुसार अब उन्हें सोमवार को फिर पत्र जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया जाएगा। उनके बयान दर्ज होने के बाद ही जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी और शिकायत में लगाए गए आरोपों की तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी।

### ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने भेजे नोटिस

मुरादाबाद । शहर और आसपास के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियों पर अब कार्रवाई का चाबुक चलने की



तैयारी है। क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम और नगर पंचायतों को नोटिस भेजकर अवैध भट्ठियों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके के गुप्ता ने बताया कि विभाग की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियां पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। इनसे निकलने वाला धुआं और जहरीली गैसें आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए संबंधित प्राधिकरणों को रिपोर्ट भेज दी गई है। अब आगे की कार्रवाई के लिए निदेशालय स्तर से अनुमति मिलने के बाद सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भट्ठी संचालक अक्सर कार्रवाई की लंबी प्रक्रिया का फायदा उठा लेते हैं। जब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से औपचारिक अनुमति मिलती है, तब तक कई भट्ठी मालिक अपना कारोबार किसी दूसरे स्थान पर शुरू कर देते हैं। इससे समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि अब संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर अवैध भट्ठियों को चिन्हित किया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

# महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर हुआ संगोष्ठी आयोजन

## मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ









क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय एमपावरिंग इंडियन यूथ एंड वूमेन फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस रमित शर्मा (एडीजीपी बरेली जोन) सहित संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विज्ञान और गणित जीवन के आधार हैं और यह तर्क, नवाचार व समस्या समाधान की क्षमता विकसित करते हैं। इस अवसर पर अजीत सिंह द्वारा लिखित पुस्तक बायोऑर्गेनिक एंड मेडिसिनल केमिस्ट्री के प्रकाशन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में पीपीटी, पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतू शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रवीन अग्रवाल ने किया।

# बरेली में गैस एजेंसियों पर छापा, ओवर रेटिंग रोकने के लिए प्रशासन सख्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए जिला पूर्ति विभाग ने शनिवार को जनपद की कई गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान लता इंडियन गैस एजेंसी (पीलीभीत बाईपास), मलका इंडियन गैस सर्विस (श्यामतगंज ) और रुहेलखंड इंडेन गैस एजेंसी (हार्टमेन रोड ) का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने गैस एजेंसी के साथ-साथ गोदामों का भी निरीक्षण कर वहां मौजूद सिलेंडरों के स्टॉक का ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस से मिलान कर सत्यापन किया, जिसमें स्टॉक सही पाया गया। हालांकि लता इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर स्टॉक रजिस्टर भरा नहीं पाया गया, जिस पर एजेंसी स्वामी को जिला पूर्ति कार्यालय की ओर से नोटिस जारी किया जा रहा है।









अधिकारियों ने एजेंसी मालिकों और प्रबंधकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं में गैस आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति न फैले और बुकिंग होने पर सिलेंडर जल्द से जल्द उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ओवररेटिंग या कालाबाजारी की कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह और आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार मौके पर मौजूद रहे।

# कड़ी निगरानी में कराई गई एस आई पहली पाली की परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। 19 केंद्रों पर आयोजित यूपी पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा की पहली पाली में 6047 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि दो हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बताते चलें कि यूपी पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा बरेली के 19 केंद्रों पर शनिवार सुबह कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई। पहली पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा कराई गई। पहली पाली में पंजीकृत 8160 में से 6047 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2113 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सभी केंद्रों पर परीक्षा से पहले तीन चरणों में सख्त चेकिंग हुई। गेट पर घुसते हुए तीन बार चेकिंग की गई। अभ्यर्थियों के जूते-मोजे भी उतरवा दिए गए। इसके बाद बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। चेकिंग के बीच रेटिना चेकिंग की मशीन कई बार खराब हुई। जिले में सबसे बड़ा केंद्र बरेली कॉलेज रहा, जहां पांच सेंटर निर्धारित किए गए। इसके अलावा जीजीआईसी, जीआईसी, एसवी इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज व अन्य सेंटर पर परीक्षा आयोजित हुई। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक होगी। दरोगा भर्ती परीक्षा के मद्देनजर शनिवार को सुबह से ही शहर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। बसों और ट्रेनों में उमड़ी भीड़ रोडवेज ने दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए कई बसों को लगाया था, लेकिन पहले दिन परीक्षा छूटने के बाद अभ्यर्थियों को बस के इंतजार में भटकना पड़ा। उधर, रेलवे की ओर से भी विशेष ट्रेन का संचालन किया गया। यह ट्रेन नाकाफी काफी साबित हुई। 10 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए गए। इसके बाद भी ट्रेनों में मारामारी की स्थिति रही। किसी अपने घटना से बचने के लिए बरेली जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ सिविल पुलिस का भी सहयोग लिया गया।

# अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन 17 व 18 मार्च को




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। कुल देवी मां महालक्ष्मी व अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की असीम कृपा से आगामी 17 व 18 मार्च को शहर में भव्य स्तर पर आयोजित होगा। यह जानकारी तृतीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन के बाबत अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी रजि.की ओर से शनिवार को आलमगिरीगंज स्थित शांति कुटीर धर्मशाला में प्रेसवार्ता में दी । सम्मेलन की प्रगति व तैयारियों की जानकारी देते हुए अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन आगामी 17 व 18 मार्च को दि कुबेर होटल मिनी बाईपास रोड, (कर्मचारी नगर पुलिस चौकी के सामने) कर्मचारी नगर, बरेली में आयोजित किया जा रहा है। शुभारम्भ भगवान गणेश व मां लक्ष्मी के पूजन से होगा पूजन कार्यक्रम 16 मार्च शाम 7.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर होगा । पूजन में मुख्य अतिथि कैण्ट विधायक संजीव अग्रवाल रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 17 मार्च को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डा. अरुण कुमार व नगर पालिका अध्यक्ष, पीलीभीत डा. आस्था अग्रवाल रहेंगी।

संरक्षक एड् अजय कुमार अग्रवाल व महामंत्री एड् दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन 18 मार्च को मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल व सांसद छत्रपाल सिंह रहेंगे।

मीड़िया प्रभारी एड् हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि 17 मार्च सांयकाल 6.00 बजे से समारोह स्थल पर सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व रासलीला का भी मंचन किया जायेगा। परिचय सम्मेलन संयोजक सुधीर अग्रवाल व आलोक अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसमाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीकरण किये जा रहे है, जिसमें अब तक कुल 475 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिसमें 270 युवकों व युवतियों के 205 पंजीकरण किये जा चुके है। इस दौरान कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल (जल निगम),अनुराग अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, डा.आरती गुप्ता, डा. नीरू अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल (आयकर), पंकज अग्रवाल, कमल कुमार गोयल, देवेश अग्रवाल, आशुतोष गोयल, पीयूष अग्रवाल,हरीश अग्रवाल समेत काफी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहे।

## सिलिंडर न मिलने पर मिट्टी के चूल्हे पर पक रहा था खाना, कुकर फटने से मासूम समेत चार झुलसे

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे परिवार पर मुसीबत टूट पड़ी। सिलिंडर खत्म होने पर घर में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान कुकर फट गया और परिवार के चार लोग झुलस गए। इनमें एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है।

पीड़ितों को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में कैंट के नकटिया निवासी राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम उनकी पत्नी नन्ही देवी मिट्टी के चूल्हे पर उड़द-राजमा बना रही थीं। पास में बच्चे बैठे थे। अचानक कुकर फट गया। इससे बेटा कार्तिक, बेटी नेहा, देवांश और नन्ही देवी झुलस गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। हादसे में छोटा बेटा कार्तिक का पूरा शरीर जल गया है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिला सिलिंडर - राम सिंह ने बताया कि करीब दस दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है। लंबी लाइन में लगने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा था। मजबूरी में पत्नी ने मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना शुरू किया था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार पालते हैं।

# परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।



# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया सशक्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन महिलाओं और बच्चों की सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी और आपातकालीन महिलाओं पर होने वाले अपराधों उपलब्ध कराई। प्रमुख बिंदु की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 - वीमेन पावर लाइन, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 - सीएम हेल्पलाइन, 112 - इमरजेंसी सेवा, 181 - महिला हेल्पलाइन, 108 - एम्बुलेंस सेवा, 1930 - साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी । महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी / बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि इन अवैध गतिविधियों से कैसे सतर्क व सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल व प्रभावी तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें।



# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया



## संक्षिप्त समाचार

# परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान लगातार कक्षों का भ्रमण करते रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने दें। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। इस दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक भी मौजूद रहे।



# 7 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन 15 मार्च से

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा अटल अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 तक आवासीय वृद्धाश्रम मचवाबेड़ा, बीसलपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास तथा सायं 4 बजे से 6 बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन एवं ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्र मोहन विश्नोई ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा, जबकि शाम 4 बजे से 6 बजे तक आध्यात्मिक वाद एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। योग और ध्यान से बुजुर्गों को तनाव से मुक्ति, मानसिक शांति और बेहतर स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। जिला समाज कल्याण विभाग ने जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिकों और वृद्धजनों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# बीसलपुर के ग्राम सोंधा गंझाडा में खाद्य प्रसंस्करण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत। राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र पीलीभीत द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकास खंड बीसलपुर के ग्राम सोंधा गंझाडा में 13 व 14 मार्च 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान पूनम कुमारी ने किया। इस दौरान केंद्र की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को पेन, पैड, फोल्डर सहित अन्य प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई तथा जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। प्रशिक्षण में अतिथि व्याख्याताओं के रूप में सुधाकर, वीरेंद्र कुमार पाली, अभिप्रिय, पवन कुमार व अखिलेश कुमार ने खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित विभिन्न योजनाओं और तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभाग की ओर से 30 लाभार्थियों को मिश्रित अचार बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर रेखा देवी, मोनिका पांडेय, शांति देवी, कुसुम देवी, आत्माराम, अमित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े चलती बाइक पर एक महिला से कुंडल और पर्स लूटने की सनसनीखेज वारदात

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद/ कायमगंज : कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े चलती बाइक पर एक महिला से कुंडल और पर्स लूटने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाश के पास से महिला का लूटा हुआ पर्स बरामद कर लिया गया है, जबकि उसका एक साथी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। बीमार रिश्तेदार से मिलने जा रही थी पीड़िता-



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर घाट के रहने वाले राम अपनी बहन मंजू देवी को बाइक से एटा जिले के गांव लहचोरा ले जा रहे थे। मंजू की ननद शारदा का हाल ही में एक ऑपरेशन हुआ था, और वे उसी का हालचाल जानने के लिए घर से निकले थे। तमंचे के बल पर दिया वारदात को अंजाम- रास्ते में कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के अलीगंज रोड पर गांव ढमढेरा के पास, पीछे से आ रहे दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। इससे पहले कि भाई-बहन कुछ समझ पाते, बदमाशों ने तमंचे के बल पर उन्हें आतंकित कर दिया। बदमाशों ने जबरन मंजू के कानों से कुंडल खींच लिए और उनका पर्स लूटकर मौके से तेजी से फरार हो गए। पुलिस की मुस्तैदी और बरामदगी- लूट की इस घटना के बाद पीड़ित राम ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपनी पहचान शनि (निवासी दत्तू नगला) के रूप में बताई है। तलाशी के दौरान उसके पास से लूटा गया महिला का पर्स बरामद हुआ है, जिसमें पीड़िता का आधार कार्ड और 1150 रुपये की नकदी मौजूद थी। फरार साथी की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश- कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी शनि ने अपने फरार साथी का नाम कुलदीप बताया है, जो एटा का रहने वाला है। कायमगंज कोतवाली पुलिस अब कुलदीप की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी शनि का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण भी करा लिया है। अधिकारी का बयान- इस पूरे मामले पर इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को लूटे गए पर्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का मेडिकल कराकर आगे की वैधानिक कार्रवाई (चालान आदि) की जा रही है। दूसरे फरार आरोपी की तलाश के लिए टीमें लगी हुई हैं, उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस मॉर्डन स्कूल के सामने खुलेआम नशे का कारोबार, चाय के खोखे की आड़ में बिक रहा गांजा , सुल्फा वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बिहारीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र इलाके के चौपले पर खुलेआम नशे का कारोबार होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला दुकानदार चाय के खोखे पर चाय, बीड़ी और पान मसाले की आड़ में गांजा और सुल्फा बेच रही है। बताया जा रहा है कि गांजे की पुड़िया 60 रुपये और सुल्फा करीब 200 रुपये में बेचा जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस अवैध धंधे से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। वहीं इस पूरे मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कथित रूप से नशे का सौदा होते दिखाई दे रहा है। डियो वायरल होने के बाद अब लोगों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इसको यहां से हटाया जाए यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो नशे का यह कारोबार और बढ़ सकता है।



# एसआई भर्ती का प्रश्नपत्र लीक का झांसा देकर ठगी, एसटीएफ ने गैंग के एक सदस्य को किया गिरफ्तार

यूपी में एसआई भर्ती का प्रश्नपत्र लीक का झांसा देकर ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।उत्तर प्रदेश में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र दिलाने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम पर चैनल बनाकर अभ्यर्थियों को फर्जी प्रश्नपत्र भेजता था। उनसे ऑनलाइन रकम वसूलता था।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कर रहा था। इसी दौरान टेलीग्राम पर यूपी एसआई यूपी पुलिस-2026, रिजल्ट पैनल प्राइवेट और यूपी एसआई परीक्षा प्रश्नपत्र-2026 नाम से चैनल चलाकर उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के संदेश प्रसारित किए जा रहे थे।इस संबंध में थाना हुसैनगंज में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के एसटीएफ को सूचना मिली कि गिरोह का एक सदस्य आगरा में मौजूद है। इसके बाद टीम ने न्यू आगरा थाना क्षेत्र की इंजीनियर्स कॉलोनी से आरोपी आयुष बघेल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रश्नपत्र के पहले पेज को एडिट कर उसे असली बताकर चैनलों पर भेज देता था। इससे अभ्यर्थियों को भरोसा हो जाता था। इसके बाद क्यूआर कोड और भुगतान पहचान संख्या के माध्यम से धनराशि ली जाती थी। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



# ड्यूटी से गायब रहने पर पुलिस अनुचर आरिफ सलमानी निलंबित, एसएसपी ने बैठाई विभागीय जांच

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली ने ड्यूटी में लापरवाही और अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर रहने के गंभीर आरोप में रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात अनुचर आरिफ सलमानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार अनुचर आरिफ सलमानी को 13 अक्टूबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन से थाना भोजीपुरा में मैस ड्यूटी के लिए लगाया गया था। प्रभारी चतुर्थ श्रेणी द्वारा जब उन्हें फोन कर ड्यूटी के संबंध में सूचना देने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद यह भी सामने आया कि वह अपने पदेन कर्तव्यों से अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर चल रहे थे। इस संबंध में 13 अक्टूबर 2025 को शाम 5 बजकर 15 मिनट पर पुलिस लाइन की रोज़नामचा आम में गैरहाजिरी की रिपोर्ट संख्या 60 दर्ज की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अनुचर आरिफ सलमानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

# परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई, 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर वसूला 2.78 लाख रुपये राजस्व

क्यूँ न लिखूँ सच/ हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा- परिवहन आयुक्त के निर्देशन एवं कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला परिवहन विभाग द्वारा शहर में वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में सागर रोड एवं अशोकनगर रोड पर वाहनों की चेकिंग की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 14 वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 10 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1,72,200 रुपए तथा मोटरयान कर के रूप में 1,06,153 रुपए वसूल किया गया है। इस प्रकार कुल 2,78,353 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त 4 वाहनों के प्रकरणों का निराकरण शेष होने के कारण उन्हें जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है। विभाग के अनुसार जप्त वाहनों से लगभग 2 लाख रुपये अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। चेकिंग के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों एवं डंपरों की जांच की गई। इस दौरान एक गंभीर मामला भी सामने आया, जिसमें उत्तर प्रदेश से गुजरात की ओर जा रही एक ऑल इंडिया टूरिस्ट यात्री बस में 40 सवारियों की निर्धारित बैठक क्षमता के विरुद्ध 100 यात्री बैठे पाए गए। इस पर परिवहन विभाग द्वारा बस संचालक के विरुद्ध 20,000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।









## संक्षिप्त समाचार

# सीओ के बयान देने पर एसपी ने जवाब-तलब किया, CO बोले- मेरा बयान शरारती तत्वों के लिए था

सीओ कुलदीप सिंह के विवादित बयान पर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्टीकरण मांगा है। जुमा अलविदा की बैठक में ईरान जाने और बढ़िया इलाज की बात कहने पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आईं।संभल सीओ कुलदीप सिंह द्वारा दिए गए बयान पर एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जवाब-तलब किया है। किन परिस्थितियों में यह बयान दिया गया इसका स्पष्टीकरण मांगा है। जिससे बयान देने की वजह सामने आ सके। क्योंकि सीओ का बयान वायरल होने पर देश में राजनीतिक लोगों ने अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। सीओ के बयान को विवादित कहा जा रहा है।मालूम हो संभल कोतवाली में बुधवार को जुमा अलविदा की नमाज को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें सीओ ने कहा था कि अमेरिका-इस्राइल और ईरान बीच चल रहे युद्ध का असर शहर में नहीं दिखना चाहिए। यहां कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है तो वह विमान में बैठकर ईरान चले जाएं जो भारतीय लोगों को लेने के लिए जा रहा है। ईरान जाकर लड़ाई लड़ें लेकिन शहर में कानून व्यवस्था पर इसका असर पड़ा तो हम बढ़िया इलाज कर देंगे। आगे कहा था कि जिन देशों में युद्ध चल रहा है उनके अपने मुद्दे हैं। वह खुद हल कर लेंगे। दुनिया में 56 मुस्लिम देश हैं वह देखेंगे। हम हिंदुस्तानी हैं और सुकून से रह रहे हैं। सीओ ने 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल का भी उल्लेख करते हुए कहा था कि संभल अभी तक मुख्य धारा में नहीं आया है। ऐसे में आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखें। सीओ का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। सीओ ने पीस कमेटी के दौरान किन परिस्थितियों में बयान दिया था। इसका जवाब मांगा गया है। जिससे सही स्थिति की जानकारी हो सके। कानून व्यवस्था को मजबूत रखना पुलिस की प्राथमिकता होती है। - कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी, संभल। पीस कमेटी की बैठक में शरारती तत्वों के लिए कहा गया था कि यदि किसी ने माहौल खराब किया तो इलाज किया जाएगा। मेरे द्वारा किसी धर्म या जाति के लिए बयान नहीं दिया गया। मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। - कुलदीप सिंह, सीओ, असमोली। संभल डीएसपी नेतन्याहू की जुबान में बात कर रहे हैं- ओवैसी सीओ संभल कुलदीप सिंह के बयान को लेकर एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी का यह वीडियो उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी किया गया है। इसमें उन्होंने कहा है कि संभल के डीएसपी इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जुबान में बात कर रहे हैं। आगे कहा है कि बैठक में मुसलमानों को बैठाते हैं और फिर ईरान के पक्ष में इस्राइल का विरोध करने पर मुसलमानों को धमकी दी जाती है। ओवैसी ने आगे कहा कि यदि इस्राइल के पक्ष में जुलूस निकलेगा तो डीएसपी जय जयकार के नारे लगाएंगे। आगे कहते हैं कि संविधान में अधिकार हैं। ओवैसी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है। कहा कि युद्ध से दो दिन पहले पीएम क्यों मिलने गए थे। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने सोशल मीडिया पर सीओ पर कार्रवाई की मांग की है।



# 15 साल की किशोरी से होटल में जबरन कराया जा रहा था देह व्यापार, चार हुए गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। एक होटल में 15 साल की किशोरी से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। वह बहाना बनाकर होटल से निकलकर पुलिस के पास पहुंची। उसकी आपबीती सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। इसके बाद पुलिस ने होटल में छापा मारकर तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नेपाल की रहने वाली युवती है। जानकारी के अनुसार किसी महिला ने वाराणसी की किशोरी को बेचकर देह व्यापार के दलदल में उतार दिया गया। बरेली में सेटेलाइट चौराहे के पास एक होटल में उससे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। होटल से चोरी-छिपे बाहर निकली किशोरी की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार रात दबिश देकर तीन महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बारादरी थाने में पीड़ित किशोरी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट कराई गई है। आरोपियों में एक नेपाली युवती भी शामिल है। वाराणसी के चौबेपुर इलाके की निवासी किशोरी ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव को बताया कि वह सातवीं कक्षा तक पढ़ी है। जनवरी के पहले सप्ताह में उसे घरवालों ने डांट दिया तो वह गुस्से में घर से निकल आई। वाराणसी स्टेशन पर घूमते हुए उसे एक युवती मिली। वह उसे फुसलाकर अपने घर ले गई और तीन दिन रखा। फिर उसे बरेली लाई और यहां बबली नाम की महिला को बेच दिया। बबली, उसका पति खलील खान व दोस्त विनोद ने उसे कैंट के चनेहटी गांव में मस्जिद के पास कमरे में रखा।

# एसएनसीयू में भर्ती नवजात की माताओं को भोजन के लिए मिलेंगे 150 रुपये

मुरादाबाद। अतिकुपोषित और गंभीर रूप से बीमार बच्चों के इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी देखरेख के लिए रुकने वाली माताओं के भोजन के लिए सरकार ने अच्छी पहल की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत अब एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई ) में भर्ती होने वाले बच्चों की माताओं को देखभाल करने के दौरान वहां रुकने पर भोजन के लिए प्रतिदिन 150 रुपया दिया जाएगा। यह पहल पहली बार की गई है। वहीं अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती रहने के दौरान उनकी माताओं को भी अब पहले से अधिक धनराशि डाइट के लिए मिलेगी। इससे शिशु स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के साथ ही माताओं को भी अपने स्तर से पेट भरने का प्रबंध नहीं करना पड़ेगा। जिले में जिला महिला अस्पताल के अलावा बिलारी सीएचसी में एसएनसीयू संचालित हैं। जिसमें नवजात शिशु को जन्म लेते ही गंभीर स्थिति में भर्ती किया जाता है। सरकार की ओर से एसएनसीयू में भर्ती ऐसे बच्चों की माताएं या अटेंडेंट के लिए पहली बार भोजन के लिए प्रतिदिन 150 रुपये बजट स्वीकृत किया गया है जो बच्चे बाहर जन्म लिए हों। उसी अस्पताल में जन्म लेने पर यह सुविधा अनुमन्य नहीं है। जिले में संचालित दोनों एसएनसीयू में डाइट के लिए मिलने वाली राशि की यह व्यवस्था लागू होगी। इसके अलावा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती अतिकुपोषित बच्चों की देखभाल करने वाली अटेंडेंट को डाइट के लिए जहां पहले प्रतिदिन 50 रुपये मिलता था वहीं अब इस धनराशि को बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत इसके लिए जिलों को बजट जारी कर धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एसएनसीयू में भर्ती नवजात की देखभाल करने वाली माताओं को पहली बार डाइट के लिए 150 रुपये स्वीकृत हुआ है। वहीं एनआरसी में भर्ती अतिकुपोषित बच्चों के लिए अस्पताल में मौजूद मां या अन्य अटेंडेंट को डाइट के लिए मिलने वाली धनराशि 50 रुपये से बढ़कर प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये हो गई है। - रघुबीर सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन



# लापता बैल का जंगल में मिला अधकटा शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच/ श्रावस्ती। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक किसान के पालतू बैल की अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा हत्या कर दी गई। बैल का अधकटा शव जंगल में मिलने से इलाके में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुरावन पुरवा (दाखिला हरदत्त नगर गिरंट) के निवासी कैलाश यादव का भाई रमेश कुमार बीती 13 मार्च को पशुओं को चराने के लिए अवसान कुंडी जंगल गया था। शाम करीब 5–30 बजे जब वह पशुओं को वापस घर लाने के लिए इकट्ठा कर रहा था, तभी उसे आभास हुआ कि उसका 8–9 वर्ष की आयु का भूरे रंग (धांवर) का बैल गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी जब बैल नहीं मिला, तो रमेश ने इसकी सूचना अपने भाई कैलाश को दी। ग्रामीणों के साथ मिलकर देर रात तक जंगल में तलाश की गई, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। शनिवार, 14 मार्च की सुबह जब ग्रामीण पुन: खोजबीन के लिए जंगल निकले, तो नदई डीह गांव के पास जंगल में बैल का अधकटा शव बरामद हुआ। बैल की स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्तियों ने बैल को काटकर मार डाला और अवशेष जंगल में फेंक दिए। ?पीड़ित पशुपालक कैलाश यादव ने मल्हीपुर थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों ने जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।





# अफवाहों और गैस खत्म होने के डर से लोग सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद/ फर्रुखाबाद– जिले की गैस एजेंसियों पर इन दिनों सिलेंडर बुकिंग कराने के लिए उमड़ रही है। अफवाहों और गैस सुबह से शाम तक लंबी कतारों हैं। वहीं, दूसरी ओर प्रशासनिक संचालकों का स्पष्ट दावा है कि मात्रा उपलब्ध है और घबराने है। लालसराय में बेकाबू हुई भीड़, लालसराय पानी की टंकी के पास हालात तब अनियंत्रित हो गए, की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ मौके पर तत्काल पुलिस बुलाई उपनिरीक्षक और एक जवान ने



ग्राहकों की भारी भीड़ खत्म होने के डर से लोग में खड़े रहने को मजबूर अधिकारियों और एजेंसी जिले में गैस की पर्याप्त की कोई आवश्यकता नहीं पुलिस ने संभाला मोर्चा– स्थित एक गैस एजेंसी पर जब बुकिंग के लिए लोगों नियंत्रण से बाहर होने पर गई। इसके बाद एक स्थिति को संभालते हुए सभी ग्राहकों को व्यवस्थित रूप से लाइन में लगवाया। घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं आ रहा नंबर– एजेंसियों पर पहुंचे ग्राहकों का कहना है कि वे इस डर से जल्दी आ रहे हैं कि कहीं सिलेंडर की किल्लत न हो जाए। मोहल्ला बीबीगंज निवासी आकाश गुप्ता ने बताया कि वे 40 मिनट से लाइन में खड़े थे, लेकिन उनका नंबर नहीं आया। मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के सलमान और जाकिर पिछले दो घंटे से लाइन में लगे होने के बावजूद अपनी बुकिंग नहीं करा पाए थे। वहीं, एक अन्य ग्राहक अबरार की स्थिति और भी परेशान करने वाली थी, जो सुबह 7 बजे से लाइन में लगे थे, लेकिन सुबह 10–30 बजे तक भी उनका नंबर नहीं आ सका था। डीएसओ की अपील– %अफवाहों पर न दें ध्यान% इस पूरे मामले पर जिला आपूर्ति अधिकारी (छ्स्ह्न) सुरेंद्र यादव ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में गैस की कोई समस्या नहीं है और सभी एजेंसियों पर सिलेंडर पूरी तरह से उपलब्ध हैं। उन्होंने ग्राहकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकारियों के मुताबिक, सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद लोग केवल अपनी %सुरक्षा की भावना% और शहर में फैल रही अफवाहों के कारण एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ जमा कर रहे हैं।

# कोहरे के चलते हुए दो अलग अलग सड़क हादसों मे 2 की मौत

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच/ श्रवस्ती। जनपद मे दो दिनों से लगातार घना कोहरा पड़ रहा है जिसके चलते जिले के दो अलग अलग स्थानों पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि गंभीररूप से सिरसिया थाना घायल हुए जवानों ने में भर्ती कराया का पंचनामा भर भेज दिया। गुलरा फटवा




चार अन्य लोग घायल हो गए। क्षेत्र मे हुई दुर्घटना में लोगो को एसएसबी संयुक्त जिला अस्पताल है। वहीं पुलिस ने शव कर पोस्टमार्टम के लिए सिरसिया थाना क्षेत्र के गांव के निकट घने कोहरे के बीच भिनगा जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे डम्पर ट्रक में जा घुसी इस हादसे में सिरसिया थाना क्षेत्र के सिरसिया नूतनबस्ती निवासी मनीष कुमार (33) वर्ष पुत्र ओमकारनाथ सोनी, सूर्यभान (32) वर्ष पुत्र राम चन्दर सोनी, अतुल कुमार (17) वर्ष पुत्र प्रेमचन्द्र सोनी व आजेश श्रीवास्तव (18) वर्ष पुत्र पंकज श्रीवास्तव गंभीररूप से घायल हो गए। जबकि कार में सवार सिद्धार्थनगर जनपद के इटवा गांव निवासी संतोष कुमार (17) वर्ष पुत्र राम किशोर की मौत हो गई। एसएसबी मुख्यालय भिनगा जा रहे 62वीं वाहिनी एसएसबी उपकमांडेन्ट गोबर्धन पुजारी, आरक्षी देवेंद्र सिंह बसेडा व आरक्षी चालक गजेन्द्र सिंह ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें एम्बुलेंस से संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया पुलिस घटना की जाँच कर रही है। दूसरी घटना नेशनल हाइवे 730 पर इकौना थाना क्षेत्र के भगवनपुर बनकट गांव के पास हुई जब घने कोहरे के चलते ट्रक और टैंकर की आमने सामने से भीषण टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी की टैंकर आग लग गई मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया इस हादसे में टैंकर चालक अर्जेंट कुमार सिंह (45) पुत्र रणधीर सिंह निवासी ग्राम सोनउवा थाना ऊचौलिया जनपद लखीमपुर खौरी गंभीररूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी व उपनिरीक्षक अफजल ने पुलिस टीम की मदद से टैंकर की केविन में फंसे घायल चालक अर्जेंट सिंह को किसी तरह बाहर निकाला।

# फर्रुखाबाद विकास मंच ने मानवता और सेवा की एक बेहतरीन मिसाल पेश की

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /जनपद फरूखाबाद उत्तर प्रदेश– फर्रुखाबाद में 14 और 15 मार्च को आयोजित पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए हजारों बाहरी अभ्यर्थियों के लिए %फर्रुखाबाद विकास मंच ने मानवता और सेवा की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। मंच की ओर से दूर–दराज से आए परीक्षार्थियों के ठहरने और भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई, जिससे अभ्यर्थी काफी खुश और संतुष्ट नजर आए। 19 केंद्रों पर हजारों अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा– फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष आशीष उर्फ भैयन मिश्रा ने जानकारी दी कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए अन्य जिलों से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे थे। बाहर से आने वाले इन परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से यह विशेष व्यवस्था की गई थी। धर्मशाला में मिला घर जैसा माहौल और भोजन– परीक्षार्थियों के ठहरने का मुख्य इंतजाम विशंभर दयाल धर्मशाला में किया गया था। मंच द्वारा यहाँ अभ्यर्थियों के लिए न केवल पंखे युक्त कमरों की व्यवस्था की गई, बल्कि नि:शुल्क भोजन, चाय और नाश्ते की भी बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई गई। भोजन में मिष्ठान (मिठाई ) भी शामिल था, जिसने इस पहल को और भी खास बना दिया। अभ्यर्थियों ने की जमकर तारीफ– आगरा, ललितपुर सहित कई अन्य जिलों से आए परीक्षार्थियों ने रात धर्मशाला में बिताई और इस पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा की– आगरा के केशव शर्मा ने बताया कि यहाँ रहने से लेकर खाने तक की व्यवस्था बहुत अच्छी थी। उन्होंने इसे फर्रुखाबाद के लोगों की एक बेहद शानदार पहल बताया और कहा कि आमतौर पर दूसरे जिलों में ऐसी व्यवस्थाएं देखने को नहीं मिलती हैं। ललितपुर के विष्णु कांत वर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे शुरुआत में रेलवे स्टेशन पर ही रुकने की जगह तलाश रहे थे। तभी उन्हें धर्मशाला में की गई इस निशुल्क व्यवस्था की जानकारी मिली। यहाँ पहुंचने पर उत्कृष्ट भोजन और कमरों की सुविधा पाकर उन्हें बड़ी राहत मिली। रात में भरपेट भोजन करने और आराम से ठहरने के बाद, अगली सुबह सभी अभ्यर्थी तरोताजा होकर अपने–अपने परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना हो गए। फर्रुखाबाद में हुई इस खातिरदारी की चर्चा अभ्यर्थियों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही।







# घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाया

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद/ फर्रुखाबाद: उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। पूर्ति की टीम ने फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम अधिकारियों ने गुप्त सूचना पर की छापेमारी यादव ने इस कार्रवाई की जानकारी देते अधिकारियों के सख्त निर्देशों के बाद की अमित चौधरी और अभिषेक मिश्रा की में नियमित निरीक्षण पर निकले थे। इसी भोलेपुर स्थित %श्री श्याम गैस चूल्हा नीचे स्थित ऋषभ नामक व्यक्ति द्वारा अचानक छापा मारा। रंगे हाथों पकड़ी गई के दौरान जो दृश्य सामने आया, वह इलाके




विभाग (Supply Department) छापेमारी कर दो दुकानदारों को घरेलू करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। दोनों आरोपियों के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ ) सुरेंद्र हुए बताया कि यह छापेमारी उच्च गई। डीएसओ सुरेंद्र यादव, पूर्ति निरीक्षक टीम के साथ फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र दौरान, सूचना के आधार पर टीम ने विक्रेता और खाटू श्याम बड़े व होटल के संचालित एक अव्यवस्थित दुकान पर अवैध रिफिलिंग, सामग्री जब्त– छापेमारी में चल रहे एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा था। दुकानदार बड़े घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस निकालकर अवैध रूप से 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों में भर रहे थे। टीम ने मौके से निम्नलिखित सामग्री बरामद की– कुल छह घरेलू गैस सिलेंडर (जिनमें से 4 खाली थे और 2 गैस से भरे हुए थे) दो रिफिलर (गैस पलटने की मशीन) एक 5 किलोग्राम का छोटा गैस सिलेंडर प्रशासन सख्त, गठित की गईं विशेष टीमें डीएसओ ने स्पष्ट किया कि गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग से न केवल राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि यह आसपास के लोगों की जान के लिए भी एक बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिले और तहसील स्तर पर विशेष टीमें गठित की गई हैं। फिलहाल, पकड़े गए दोनों दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम (Essential Commodities Act) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# 10 बोटा सागौन की लकड़ी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच/ श्रावस्ती। सिरसिया – पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश शर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भितुरिहा डोमाई से 10 बोटा सागौन की लकड़ी के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तत्पश्चात थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 66/26 धारा 4/10 भारतीय वन अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुनील दुबे उर्फ अनिल दुबे पुत्र अरविंद दुबे निवासी शिवगढ़ खुर्द थाना सिरसिया के रूप मे हुई है।

# चिकित्सा शिविर में 65 बुजुर्गों का हुआ नेत्र परीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच/ श्रावस्ती। चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 65 बुजुर्गों के नेत्र की निशुल्क जांच की गई। साथ ही उन्हें जरूरत अनुसार दवाएं बांटी गई। इस दौरान मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित किया गया जिनका आपरेशन कराया जाएगा। भारत सरकार की ओर से संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत सिरसिया विकास क्षेत्र के कटकुइयां कला गांव में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 बुजुर्गों के नेत्र की जांच की गई साथ ही उनमें से मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति ने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित हो रहे नेत्र परीक्षण व उपचार शिविर में बुजुर्गों के नेत्र का नि:शुल्क परीक्षण व उपचार किया जा जा रहा है। जिन बुजुर्गों के आंखों में मोतियाबिंद विकसित हुआ है उन्हे चिन्हित कर उनका नि:शुल्क आपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को जमुनहा के शिकारी चौड़ा पंचायत भवन, 16 मार्च को गिलौला के दूबकला पंचायत भवन व 17 मार्च को सिरसिया के लक्ष्मनपुर स्थित पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से काम कराने का वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद/ प्राथमिक





विद्यालय में बच्चों से काम कराने का वीडियो वायरल, प्रधानाध्यापिका बोलीं–लंच के बाद लगती है हाजिरी कमालगंज के प्राथमिक विद्यालय पट्टीया छेदा सिंह का वीडियो वायरल। बच्चों से पढ़ाई की जगह काम कराते दिखे लोग। प्रधान पुत्र संदीप कठेरिया ने प्रधानाध्यापिका मीना परिहार से उपस्थिति को लेकर पूछा तो जवाब मिला–लंच के बाद लगती है हाजिरी। बीएसए विश्वनाथ प्रताप सिंह बोले–जांच कर कार्रवाई होगी।

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद/ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की




सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा की प्रथम पाली के दृष्टिगत, जिलाधिकारी फर्रुखाबाद व पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ द्वारा जनपद फतेहगढ़ के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा कंट्रौल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सभी को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया ।

# Do you also crave sweets? Learn the root cause from your doctor.

Many people crave excessive sweets, but it's important to note that this habit can be detrimental to your overall health. In this article, let's explore the underlying causes. It's common for some people to crave excessive sweets. According to health experts, the biggest reason behind this is a poor diet. Dr. Shalini Singh Solanki shared a video on social media about this topic, which you should also know about. According to Dr. Shalini, we make a major mistake every day that disrupts our insulin and sugar levels. According to the National Health Survey, the amount of carbohydrates in the Indian diet is twice the normal amount. Therefore, when we eat "garbage food" or excessive carbs just to fill our stomachs, our energy levels spike and then suddenly crash. This "energy crash" leads to cravings for something sweet or unhealthy every 2-3 hours. According to Dr. Shalini, this cycle not only leads to weight gain but also makes one feel weak and sick despite eating so much. The main reason for this is our unbalanced meals, which lead to both sugar and weight gain. How to Control Sugar Cravings: According to Dr. Shalini, the simplest solution to all these problems lies in your morning breakfast. Your breakfast plate should contain at least 30% protein (about 15 to 20 grams). A protein-rich breakfast prevents sudden sugar spikes and maintains stable insulin levels, preventing frequent hunger pangs. Satiety Hormones and Muscle Repair: When you eat enough protein, the body increases "satiety hormones," which signal the brain that you're full. This not only curbs cravings but also accelerates the repair process of the body's cells and muscles. Protein intake boosts metabolism, which helps control sugar levels and maintains long-term energy. How to break free from the "garbage" trap of carbs? According to Dr. Shalini, relying solely on carbs can lead to frequent cravings for sweets. Therefore, include protein-rich options like eggs, cheese, sprouted grains, or soy in your breakfast. This habit will not only increase your daily performance but also curb evening cravings for sweets. A proper breakfast, the beginning of a healthy life - According to Dr. Shalini Singh Solanki, controlling cravings requires not only willpower but also proper nutrition. If you make a habit of consuming 15-20 grams of protein every morning, you can significantly reduce your risk of problems like weakness and obesity.



# The right way to store your refrigerator will keep your fruits and vegetables fresh for months.

Properly organizing your refrigerator is essential for keeping your food fresh for longer. Keep fruits and vegetables in separate drawers, wrap leafy vegetables in paper towels, place milk and dairy products on the middle shelf, and avoid overcrowding the refrigerator. The refrigerator is an essential part of every household kitchen. We store fruits, vegetables, milk, leftover food, and many other items in it. The purpose of storing food in the refrigerator is to store food for a long time. While food spoils when left outside in the heat, the refrigerator can store it for several days. However, sometimes, even after storing food in the refrigerator, it spoils quickly. This is mainly due to improper storage. If you want your food to stay fresh for a long time, it is essential to organize it properly. By adopting some simple refrigerator organization hacks, your food can stay fresh for a longer period. Keep Fruits and Vegetables Separately Store fruits and vegetables together in the refrigerator can cause them to spoil faster. Many fruits release ethylene gas, which can accelerate vegetable spoilage. Therefore, keep fruits on a separate shelf. Store vegetables in the crisper drawer of the refrigerator. Wrap leafy vegetables in a paper towel - Leafy vegetables like spinach, fenugreek, or coriander wilt quickly. To keep them fresh, wash them lightly and dry them. Then, wrap them in a paper towel and store them in an airtight container. This will keep them fresh longer. Store milk and dairy products in the right place. Many people store milk and dairy products in the refrigerator door, but this is not the right place. In fact, the door's temperature fluctuates greatly. Therefore, it is better to store milk, yogurt, and cheese on the middle shelf of the refrigerator. Use airtight containers - Using airtight containers is essential for storing food in the refrigerator. This prevents food from drying out and causing odors. It also protects against bacteria. Clean the fridge regularly- If the fridge is dirty, it can affect the food stored in it. So clean the fridge once a week. Remove old or spoiled food. This habit helps in keeping the food safe. Keep the right temperature of the fridge- To keep the food safe, the temperature of the fridge should also be right. Generally, the temperature of the fridge should be between 3 to 5 degree Celsius. This keeps the food safe and fresh for a longer time. Tip- Avoid overfilling the fridge. Food remains fresh for a long time only when the air flow in the fridge is correct.



# These 8 signs of vitamin D deficiency appear in the body, which most people ignore.

Vitamin D deficiency often causes problems and other problems, which some people ignore, thinking they are signs of aging. So, let's explore some of the key symptoms of vitamin D. Vitamin D, also known as the "sunshine vitamin," is one of the most important nutrients for our body. Vitamin D plays a vital role in maintaining bone strength, immunity, and mental health. According to some reports, a large population in our country is suffering from vitamin D deficiency, primarily due to reduced sunlight exposure due to changing lifestyles. Vitamin D deficiency acts as a "silent alarm" for the body, but its symptoms are so common that people often ignore them, mistaking them for everyday fatigue or stress. If this deficiency is not addressed promptly, it can lead to osteoporosis, heart disease, and severe weakness. Therefore, in this article, let's explore some of the signs of vitamin D deficiency. 1. Constant muscle and bone pain - Vitamin D is essential for calcium absorption. If you're deficient in it, bone density begins to decline, leading to persistent mild pain in the back, knees, and hips. Unexplained muscle strain and weakness are also a major early sign, often mistaken for aging. 2. Constant fatigue and lack of energy - It's common for some to feel tired after waking up in the morning, even after getting enough sleep. Vitamin D enhances the efficiency of mitochondria (the cell's powerhouse) within cells. When it's deficient, the body struggles to manage energy, leaving one feeling heavy and lethargic throughout the day. Research suggests a strong link between low vitamin D levels and fatigue. 3. Frequent illness (weakened immunity) - Vitamin D is a key protector of our immune system. It prepares the body to fight infection-causing bacteria and viruses. If you frequently catch colds, flu, or flu, it's a sign that your immune system has weakened, which could be due to a vitamin D deficiency. 4. Delayed wound healing - If wounds are healing very slowly after surgery or injury, be cautious. Vitamin D accelerates the body's process of building new tissue and controlling inflammation. A deficiency in this vitamin slows the body's repair process, increasing the risk of infection and making it take longer for injuries to heal. 5. Depression and sadness - Vitamin D receptors are present in parts of the brain that regulate our mood. Scientists have found that vitamin D deficiency lowers serotonin (the happy hormone), leading to symptoms like unexplained sadness, anxiety, and depression. Often, this is considered a mental problem, but the underlying cause is a lack of nutrients. 6. Hair loss - When there's a severe vitamin D deficiency in the body, the function of hair follicles is affected. Symptoms like rapid hair loss or alopecia, especially in women, have been directly linked to vitamin D deficiency. If expensive hair treatments aren't working, get your vitamin D levels checked. 7. Excessive sweating and pale skin - A strange but accurate symptom of vitamin D deficiency is excessive sweating on the forehead. Doctors often consider excessive sweating in newborns and adults as an early sign of vitamin D deficiency. Furthermore, vitamin D deficiency can cause dull and dry skin, as it's essential for skin cell regeneration. 8. Bleeding gums and dental problems - Vitamin D is as important for dental strength as calcium. Its deficiency can cause swollen and bleeding gums. Tooth sensitivity and frequent cavities also indicate vitamin D deficiency in the body, which people often associate only with oral hygiene. How to overcome this deficiency? - The easiest and natural way to overcome vitamin D deficiency is to take warm morning sunlight for 15-20 minutes daily. Apart from this, include fatty fish, egg yolk, mushrooms and fortified milk in your diet. However, in case of severe deficiency, taking supplements as per doctor's advice is the best option. According to health experts, one must get his vitamin D test done once a year.



# This forced the shooting of "Force 3" to be halted, and Harshvardhan handled the situation and apologized to the crew.




The shooting of "Force 3" had to be halted when too many fans gathered at the location. Harshvardhan stepped in and apologized to the crew. Harshvardhan Rane is in the news for his upcoming film "Force 3." Shooting recently began in Gujarat. The third installment of the "Force" franchise began with a puja. Recently, the shooting was interrupted when a large number of fans gathered at the location, eager to catch a glimpse of the cast. This caused problems for the production team, and Harshvardhan Rane had to step in. Harshvardhan appealed to the fans: "When too many fans gathered at the "Force 3" shooting location, the situation became uncontrollable. Consequently, the shooting had to be halted. In a video that surfaced on social media, Harshvardhan Rane can be seen stepping in to calm the excited fans.

With folded hands, the actor requested the crowd to keep their voices low and cooperate with the team so that the shooting could continue without interruption. Immediately after his appeal, the crowd calmed down, allowing the production team to resume their work. Harshvardhan apologizes - Harshvardhan Rane then shared a video on Instagram, apologizing to the crew for the inconvenience caused during the shooting. He wrote in the caption, "Force 3 is being shot in Gujarat. My apologies to the sound department, direction team, and production team." When will the film be released? "Force 3" is directed by Bhav Dhulia and written by Seemab Hashmi. In this film, John Abraham will once again be seen on the big screen in his role as ACP Yashvardhan Singh.

Tanya Maniktala has been cast as the lead actress. Production began in early 2026. It is expected to be released in theaters by 2027.

# Priyanka Chopra was surprised by Vijay's popularity; the actress experienced the joy of fame during "Thamizhan."



Priyanka Chopra revealed the first time she truly experienced fame. She also praised Thalapathy Vijay. Priyanka Chopra has now become a global star, having appeared in both Indian films and Hollywood projects. The actress shared that she truly experienced stardom during her debut Tamil film, "Thamizhan," in which she starred opposite Thalapathy Vijay. Vijay's immense popularity during the 2002 Tamil film had a profound impact on her, giving her a first-hand account of the fame. Fans were thrilled to see Vijay perform. Speaking on the "Not Skinny But Not Fat" podcast, Priyanka recounted the thrill she felt watching the crowds turn out to see Vijay during the shooting of "Thamizhan." Recalling her experience, she said that it was a Tamil film made in India called "Thamizhan." This was my first small introduction to fame. My co-star, Vijay, is extremely popular. I remember arriving on set, hundreds of people would stand there watching him dance and perform. It was my first film. I had no idea what went on behind the scenes. I only saw what we saw in theaters. I remember thinking, what an amazing feeling it would be, especially in India, where people love their films and fans truly give so much. Priyanka equated acting with fame. During the conversation, when Priyanka was asked if she wanted to achieve this kind of popularity, the actress said, "Yes, at 18, I wondered, 'Is this what it means?' I think my perspective on this profession was wrong because I only understood it as a matter of fame. When I started acting, I realized that fame is a part of the profession, not the profession itself." From then on, it started to feel really interesting. Priyanka will be seen in 'Varanasi' - Priyanka has previously talked about 'Thamizhan' and has been full of praise for Vijay. On the work front, Priyanka Chopra was recently seen in the Hollywood action thriller 'The Bluff'. This film was released on Prime Video on February 25. Apart from this, Priyanka also has SS Rajamouli's much-awaited film 'Varanasi' in her kitty. Mahesh Babu and Prithviraj Sukumaran will also be seen in lead roles along with Priyanka in this film. 'Varanasi' will be released in theatres on April 7, 2027.

# Taapsee Pannu has spoken out on the debate surrounding actors' staff, expressing displeasure with producers for employing such actors.

**Taapsee Pannu has now weighed in on the ongoing debate in the industry regarding the cost of supporting staff for stars. Find out what the actress said and why she expressed displeasure with producers...** A debate is currently raging in Bollywood regarding the rising expenses of actors' support staff. Actress Taapsee Pannu has also commented on the issue. The actress stated that the perception that every star travels with a large entourage isn't always accurate. She spoke on the issue, citing her experience working with some of the industry's biggest names, including Shah Rukh Khan, Akshay Kumar, and Amitabh Bachchan. Speaking to Bollywood Hungama, Taapsee explained that a heated debate recently erupted in the industry on this topic. She said, "I was watching an interview and some producers were complaining about the expenses of stars and the large support staff they have. This led to a heated debate." She said that stars are followed everywhere by four or five people. But in reality, not every actor has a large entourage. "I've worked with some of the industry's biggest stars, Shah Rukh Khan, Akshay Kumar, and Amitabh Bachchan, but when I was working with Shah Rukh Khan, he didn't have so many people around him. It's a myth that all actors have a large entourage. Producers give work to such actors." Taapsee also questioned producers who criticize actors on this issue, but still continue to give them work. She said, "Yes, some actors have large entourages. But my question is that the people who are giving these interviews and the producers who object to this are the ones who are actually giving work to these stars and actors who have such large entourages." Actors are often criticized for demanding so much in this economic situation, but then these producers are the ones who are giving them all this. Either change it or stop complaining about it. What should I believe from the outside looking in, based on what they say in interviews or what they do in real life? Debate in the industry: In recent months, filmmakers and many industry insiders have questioned the expenses of star accompanists. This has sparked a debate in the industry, as it impacts budgets. Several actors, including Varun Dhawan, Kriti Sanon, John Abraham, and Jackie Shroff, have also spoken out on the issue. However, many agreed that a large entourage is unnecessary. They also acknowledged that some actors prefer to have a large team around them for professional and personal support. Taapsee Pannu will be seen in this Netflix film: On the work front, Taapsee Pannu recently appeared in Anubhav Sinha's film "Assi," which is based on rape incidents in India. Now Taapsee's upcoming film includes 'Gandhari', which will be released on Netflix.

